DATE / /

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh
Date -                                Class - IV
Subject - Hindi Language                Page 1
Subject Teachers - Ms. Roma Rani.
Ms. Suman Sharma

वचन

सुप्रभात प्यारे बच्चो ।

यह पाठ 'वचन' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। बच्चो यह पाठ आपको 10 अक्तूबर, 2022 को भेजा जाएगा। यह आवाज़ रोमा रानी की है।

प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ में 'वचन' पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो अब मैं आपको 'वचन' शब्दों के बारे में समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

प्यारे बच्चो ! नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं समझें।

1. नदी बहती है।                2. नदियाँ बहती हैं।
3. मैं घूमने गया।               4. हम घूमने गए।
5. लड़की जाती है।              6. लड़कियाँ जाती हैं।

बच्चो इन वाक्यों में 'नदी', 'मैं' और 'लड़की' शब्द से एक संख्या का तथा 'नदियाँ', 'हम' और 'लड़कियाँ' शब्द से एक से अधिक संख्याओं का बोध हो रहा है।

इस प्रकार -

बच्चो ! संज्ञा के जिस रूप से उसकी संख्या का बोध हो उसे वचन कहते हैं।

वचन के दो भेद होते हैं।

➡ एक वचन

➡ बहु वचन

DATE / /

Date -                    Class - IV
Subject - Hindi Language          Page - 2
Subject Teachers - Ms. Roma Rani.
                   Ms. Suman Sharma

- एक वचन — बच्चो संज्ञा के जिस रूप से एक ही वस्तु का बोध होता है, उसे 'एक वचन' कहते हैं।

  जैसे :- लड़का, कपड़ा, टोपी, घड़ी, गेंद आदि।

- बहु वचन — संज्ञा के जिस रूप से एक से अधिक वस्तुओं का बोध होता है, उसे 'बहुवचन' कहते हैं।

  जैसे :- लड़के, कपड़े, टोपियाँ, घड़ियाँ, गेंदें आदि।

इस प्रकार बच्चो हमने यहाँ तक समझा कि शब्दों के जिस रूप से उनके एक या अनेक संख्या में होने का बोध होता है, उन्हें 'वचन' कहते हैं।

बच्चो! मैंने आपको 'वचन' शब्दों के बारे में समझा दिया है। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न 1. दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखें —

(क) घड़ी ..............

(ख) पुस्तक ..............

(ग) माला ..............

प्रश्न 2. संज्ञा के जिस रूप से एक वस्तु का बोध हो उसे क्या कहते हैं ?

प्रश्न 3. 'राम की पेंसिलें नई हैं।' इस वाक्य में वचन बदलकर लिखें।

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है, अब मैं आपको उन प्रश्नों के उत्तर बता रही हूँ, जो मैंने आपसे पूछे थे।

उत्तर 1. (क) घड़ियाँ          (ग) मालाएँ

(ख) पुस्तकें

DATE / /

Date -  Class - IV

Subject - Hindi Language  Page 3

Subject Teachers - Ms. Roma Rani.
Ms. Suman Sharma

उत्तर-2. एक वचन

उत्तर - 3. राम की पेंसिल नई है।

प्यारे बच्चो ! अब मैं आपको 'वचन' शब्द करवाऊँगी जिन्हें आप ध्यानपूर्वक समझेंगे।

| एक वचन | बहु वचन |
|---|---|
| 1. ताला | ताले |
| 2. खिलौना | खिलौने |
| 3. कुत्ता | कुत्ते |
| 4. गाय | गायें |
| 5. बात | बातें |
| 6. झंडा | झंडे |
| 7. सड़क | सड़कें |
| 8. झाड़ी | झाड़ियाँ |
| 9. कविता | कविताएँ |
| 10. टहनी | टहनियाँ |
| 11. टोपी | टोपियाँ |

DATE / /

Date- Class - IV
Subject- Hindi Language Page- 4
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

| | |
|---|---|
| 12. कथा | कथाएँ |
| 13. दिशा | दिशाएँ |
| 14. बुढ़िया | बुढ़ियाँ |
| 15. गुड़िया | गुड़ियाँ |

बच्चो! मैंने आपको 'वचन' शब्द समझा दिए हैं। आशा है, सभी छात्रों ने इन्हें ध्यानपूर्वक सुना एवं समझा होगा। अभिभावकों से भी मेरा अनुरोध है कि बच्चों को 'वचन' शब्द समझने में उनकी सहायता करें।
अब मैं आपको गृहकार्य दूँगी, जिसे आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका मे सुंदर लिखाई में लिखेंगे।

गृह कार्य :-

- बच्चो! आप ऊपर कराए गए सभी 15 'वचन' शब्दों को अपनी उत्तर पुस्तिका मे लिखेंगे।
- आप इन शब्दों को याद भी करेंगे।

धन्यवाद!

Last page.